जनहित के महत्वपूर्ण सुझावों पर होगा प्रभावी अमल : प्रभारी मंत्री श्री पटेल

नवभारत न्यूज

बैतूल, 9 मई. लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा जनहित में दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा।

जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

बैठक में मौजूद रहे जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी

उन्होंने कहा कि पेयजल समस्या से प्रभावित ग्रामों में बोरिंग, मरम्मत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं कर जल आपूर्ति सुचारू बनाई जाए तथा जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को बढ़ावा देकर जिले में पेयजल समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। शनिवार को प्रभारी मंत्री श्री पटेल की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमन्त खंडेलवाल,विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक आमला डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक घोड़ाडोंगरी गंगाबाई उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन सहित समिति सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों

में चिन्हित ग्रामों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर सभी योजनाओं में सेचुरेशन लाया जाए। उन्होंने जल संरक्षण, सड़क निर्माण, उपार्जन, बिजली व्यवस्था एवं खाद वितरण से जुड़े समिति सदस्यों के सुझावों को शीघ्र अमल में लाने के निर्देश दिए। उपार्जन एवं खाद वितरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रों पर किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा किसानों की स्लॉट बुकिंग एवं खाद वितरण संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया है और अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने जिले में स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चांदोरा-ताईखेड़ा मार्ग के कार्य के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में बैतूल-परतवाड़ा मार्ग को लगभग 1200 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बनाए जाने की स्वीकृति पर केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया गया।

पेयजल आपूर्ति, खाद्य वितरण जैसे विषयों पर भी हुई चर्चा : बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति एवं प्रबंधन, उपार्जन, कृषि एवं खाद वितरण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति सदस्यों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों को बढ़ावा देने, ग्रामीण क्षेत्रों में नगरीय निकायों की तर्ज पर जल शुल्क व्यवस्था लागू करने, छोटी नदियों में स्टॉप डैम निर्माण, तालाबों एवं बांधों के गहरीकरण, वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुरूप खाद उपयोग के लिए जागरूकता अभियान, रबी एवं खरीफ फसलों के लिए पूर्व कार्ययोजना बनाने, महुआ, चिरौंजी एवं माहुर जैसे वृक्षों की संरक्षण योजना तैयार करने, कार्बन क्रेडिट का लाभ किसानों तक पहुंचाने, माचना नदी से जलकुंभी हटाने के स्थायी समाधान, चिचोली में सिविल अस्पताल निर्माण, वर्षा जल संचयन अभियान चलाने तथा बिजलीविहीन ग्रामों में विद्युत समस्या के स्थायी समाधान जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

सीमांकन एवं सर्वे व्यवस्थित रूप से किया जाये

विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने आमला क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई समस्या के स्थायी समाधान के लिए डैम एवं बैराज निर्माण के मानकों में संशोधन तथा लघु सिंचाई परियोजनाओं में प्रति हेक्टेयर वित्तीय लागत बढ़ाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में सीमांकन एवं सर्वे व्यवस्थित रूप से किया जाए, जिससे भविष्य में विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। विधायक श्रीमती गंगाबाई उईके ने पाढर-शाहपुर-भौरा मार्ग के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा चिचोली में सिविल अस्पताल प्रस्तावित किए जाने की बात कहीं। उन्होंने नीमपानी में जिले के पहले अटल सुशासन भवन के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

जल संरक्षण के लिए सिरपुर मॉडल को अपनाएं

विधायक हेमन्त खंडेलवाल ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए महाराष्ट्र के सिरपुर मॉडल को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि बैतूल में इसके प्रयोग सफल रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को आवश्यक समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में अभियान चलाकर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किए जाने की बात कही तथा कहा कि 15 मई से जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा जनजागरण अभियान चलाया जाए। उन्होंने बताया कि बड़ोरा मंडी के लिए 5 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिससे ट्रैफिक समस्या का समाधान होगा। साथ ही गल्ला मंडी एवं सब्जी मंडी के लिए 5 एकड़ भूमि का चिन्हांकन भी किया जा रहा है। उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किसानों के बीच ई-टोकन प्रणाली का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों के 5 वर्षों तक नियमित मेंटेनेंस एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री खंडेलवाल ने पंचायत एवं विकासखंड स्तरीय कार्यालयों में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा बैठकों का रोस्टर कार्यालयों के बाहर प्रदर्शित करने की आवश्यकता बताई, ताकि ग्रामीणों को जानकारी मिल सके और उन्हें अधिकारियों से मिलने में परेशानी न हो।

एक नजर में

मासोद क्षेत्र में हुई बारिश, ओले भी गिरे

मुलताई। क्षेत्र के ग्राम मासोद, दातोरा के आसपास शनिवार की दोपहर तेज हवाओ के साथ अचानक बारिश के साथ कुछ देर तक ओले गिरने से ताओमान मे गिरावट आई है ।हलाकि क्षेत्र मे बीते 3 दिनों से तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा का आंकड़ा नही छू पाया है . आसमान पर धुप और बादलो की लुका छिपी का खेल जारी था। लेकिन शनिवार की दोपहर करीब साढे 3बजे अचानक मौसम ने करवट बदली और मोटे मोटे बूंदो के साथ बारिश प्रारम्भ हो गई वही बारिश के साथ हल्के ओले भी गिरे है। जिससे मौसम मे ठंडक घुल गई।

खेत के कच्चे मकान में लगी आग, उपकरण जले

मुलताई। क्षेत्र के ग्राम मलोलखापा भैसादंड मे शनिवार की दोपहर के किसान के खेत मे स्थित कच्चे मकान मे आग लग गई, जिससे मकान मे रखे कृषि उपकरण जलकर राख हो गए। नगरपालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया शनिवार की दोपहर करीब सवा 3 बजे ग्राम मलोलखापा में लक्ष्मी ढोले के खेत मे स्थित कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आगजनी से कृषि उपकरण एवं पानी की मोटर,पाइप जलकर राख हो गए। आगजनी की सूचना मिलने पर नगरपालिका की फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। आग बुझाने में फायर वाहन चालक ड्राइवर मनोज सिंह, गिरीश पिपले, सुमित पूरी की सराहनीय भूमिका रही।

वेकोलि परिवार ने आकांक्षा शर्मा को श्रद्धांजलि दी

पाथाखेड़ा। क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में उप-प्रबंधक (वित्त) के पद पर कार्यरत रहीं आकांक्षा शर्मा के 8 मई को हुए दुखद निधन से पूरे पाथाखेड़ा क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। शुक्रवार 9 मई को महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में आयोजित शोकसभा में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नम आंखों से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महाप्रबंधक (संचालन) जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि आकांक्षा शर्मा ने अपने अल्प कार्यकाल में ही एक कार्यकुशल, मृदुभाषी और मिलनसार अधिकारी के रूप में सभी के बीच विशेष पहचान बनाई थी।

शिविर में 773 गर्भवती महिलाओं की जांच, 386 हाई रिस्क मिलीं

बैतूल। गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का पता लगाने और समय रहते उनका उपचार सुनिश्चित कर सुरक्षित प्रसव करवाने के लिए प्रतिमाह 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि जिले में शनिवार को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में 773 गर्भवती महिलाओं की जाचं एवं 386 हाई रिस्क चिन्हित तथा 40 सोनोग्राफी की गईं। शिविर में सभी महिलाओं की खून की जांच एवं जीडीएम

जांच की गई। जिला चिकित्सालय बैतूल में आयोजित शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना धाकड़ द्वारा 56 गर्भवती महिलाओं की चिकित्सकीय जांच की गई, जिसमें 16 गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिन्हित किया गया, 40 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोली में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रूपल श्रीवास्तव द्वारा 45 गर्भवती महिलाओं की जांच जिसमें हाई रिस्क 45 महिलाएं पाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ सरिता कालभोर द्वारा 67 गर्भवती महिलाओं की जांच जिसमें 40 हाई रिस्क महिलाएं पाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही में डॉ ज्योति सांवले द्वारा 40 गर्भवती महिलाओं की जांच जिसमें 21 हाई रिस्क महिलाएं पाई गई। सिविल अस्पताल आमला में महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ ईवान जेम्स द्वारा 62 गर्भवती महिलाओं की जांच जिसमें हाई रिस्क 37 महिलाएं पाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आठनेर में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ रामलखन प्रजापति द्वारा 53 गर्भवती महिलाओं की जांच जिसमें 31 हाई रिस्क महिलाएं पाई गई।

समझौता करने वाले पक्षकारो को भेंट किए पौधे

मुलताई। नगर के न्यायालय परिसर मे शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश यतेश सिसोदिया, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय भलावी, व्यवहार न्यायाधीश अभिजीत सिंह वास्कले, सरिता डावर वास्कले,लक्ष्मन डोडवे सहित अधिवक्ता संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर चंदेल, एडवोकेट जीजी घोडे, टीके चौधरी सहित अधिवक्ताओ द्वारा किया गया। इस अवसर न्यायाधीशो द्वारा प्रकरणो मे समझौता करने वाले पक्षकारो को

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पौधे भेट कर पौधों का पालन पोषण करने का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने समाजसेवी सतीश डोंगरदिये ने 111 गमले भेट किए। नगरपालिका मे शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमे पुराने बकाया टैक्स पर छुट दी गई। राजस्व निरीक्षक संतोष शिवहरे ने बताया जलकर कु बकाया राशि मे 4 लाख 12 हजार रुपए एवं सम्पतिकर के 4 लाख 60 हजार रुपए की राशि शाम 5 बजे तक वसूल की गई।

प्रस्फुटन समितियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

बैतूल। जिले की प्रस्फुटन समितियों आठनेर, भैंसदेही, पट्टन एवं मुलताई विकासखंड का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत भारती परिसर बैतूल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्री नागर ने प्रस्फुटन समितियों की ग्राम विकास में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्राम विकास का वास्तविक आधार ग्राम का व्यक्ति होता है। उन्होंने समग्र ग्राम विकास के लिए पाँच प्रमुख संपत्तियों भूमि, जल, वन, जन एवं पर्यावरण के संरक्षण पर कार्य करने की आवश्यकता बताई। साथ ही ग्रामों में स्वेच्छिकता, शिक्षा एवं बौद्धिक विकास को सशक्त बनाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के तकनीकी सत्रों में दस्तावेजीकरण एवं वित्तीय अभिलेख प्रबंधन, सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग, ग्राम विकास की रणनीतियां तथा प्रस्फुटन समितियों के सुझाव एवं अपेक्षाएं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इन सत्रों का संचालन निदेशक जअप वीरेंद्र व्यास, ब्लॉक समन्वयक जय प्रकाशी धुर्वे एवं दिनेश पंवार द्वारा किया गया।

नदियों का स्वच्छ होना आवश्यक : मोहन नागर

बैतूल। जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत बैतूल की जीवनदायिनी नदी माचना को जलकुम्भी से मुक्त करने के लिए अब बड़ी संख्या में नागरिक श्रमदान के लिए आगे रहें हैं। शनिवार को सदर क्षेत्र के माचना घाट पर सैंकड़ों नागरिकों ने माचना स्वच्छ्ता अभियान में सहभागिता की। नागरिकों के नियमित श्रमदान व नगरपालिका द्वारा पोकलेन और जेसीबी मशीनों के सहयोग से सदर क्षेत्र में माचना जलकुम्भी मुक्त होकर नदी में पानी दिखने लगा है। नदी स्वच्छता के इस नियमित अभियान में प्रात: 7 बजे से ही लोग श्रमदान के लिए आने लगे हैं। मध्यप्रदेश जन

अभियान परिषद की जिले भर की प्रस्फुटन, परामर्श दाता व नवांकुर समितियों के सदस्य, पारदी ढाना बस्ती के युवाजन, ग्रीन टाइगर्स के सदस्य, माचना जन्मोत्सव समिति ,स्वस्ति सेवा समिति, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, शारदा समिति,ओम विजन, आईइसी, प्रदीपन, अंश सेवा समिति, भूपेंद्र बाल एवं महिला समिति, ग्रीन सिटी सहित अनेक संगठनों के श्रमदानियों ने नदी से जलकुंभी निकालने में अपना योगदान दिया। श्रमदान के पश्चात नदी घाट पर हुए नदी संवाद में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि नदियां हमारे स्वास्थ्य की रक्षक है।

ग्रामीण परियोजना कार्यालय में सेक्टर पर्यवेक्षक की बैठक

बैतूल। जिला कलेक्टर के निर्देश अनुसार आज जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम अधिकारी ने परियोजना अधिकारी निर्मल सिंह ठाकुर सहित सभी सेक्टर पर्यवेक्षक की समीक्षा बैठक ली, जिसमें, लाडली लक्ष्मी योजना और प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों की भर्ती, पोषण वाटिका वाटर हार्वेस्टिंग शौचालय निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र की समीक्षा की गई, सभी पर्यवेक्षक को नियम अनुसार केंद्र संचालन करने हेतु संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित हेतु बोला गया। साथ ही मीनू अनुसार नाश्ता भोजन की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया।

विवाह सम्मेलन की तैयारियों में जुटा समाज

बैतूल। क्षत्रिय लोनारी कुन्बी समाज सेवा संगठन द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए संगठन के जिला अध्यक्ष यशवंत मुन्ना मानकर के नेतृत्व में पदाधिकारी लगातार जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के प्रमुख लोगों से संपर्क कर उन्हें आमंत्रण पत्र सौंप रहे हैं। शनिवार को संगठन के पदाधिकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को विवाह सम्मेलन का आमंत्रण देने पहुंचे। इस दौरान सम्मेलन के उद्देश्य और कार्यक्रम की रूपरेखा

से भी उन्हें अवगत कराया गया। इसी क्रम में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल को भी सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इसके अलावा मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख तथा बैतूल कलेक्टर से भी मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि समाज में सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलती है।

समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का उत्कृष्ट माध्यम : शुक्ला

बैतूल। जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान श्री विनायकम स्कूल में आयोजित समर कैंप रंगारंग प्रस्तुतियों और बच्चों की शानदार प्रतिभाओं के प्रदर्शन के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। विगत 24 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे विद्यालय में आयोजित इस विशेष समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुराग शुक्ला उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय संचालक कमलेश खासदेव एवं संजय राठौर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक योग प्रदर्शन से हुई, जिसने स्वास्थ्य और

अनुशासन का संदेश दिया। इसके बाद जुम्बा और डांस प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को ऊर्जा और तालियों से गूंजायमान कर दिया। सिंगिंग और ओपन माइक गतिविधियों में बच्चों ने गीत, कविता और मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समर कैंप में लगाई गई आर्ट गैलरी भी आकर्षण का केंद्र रही, जहां बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स, क्राफ्ट और रचनात्मक कलाकृतियों ने सभी को प्रभावित किया। वहीं मेहंदी गैलरी में छात्राओं की खूबसूरत और बारीक डिजाइनों को अभिभावकों एवं अतिथियों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि जिला परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने कहा कि खेल, कला, संस्कृति, विज्ञान और रचनात्मक गतिविधियों के जरिए बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिला है। उन्होंने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक रहने का संदेश भी दिया। डायरेक्टर संजय राठौर ने कहा कि बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखकर उनकी कला, प्रतिभा को मंच प्रदान करना है।

बैठक | जिले की कामकाजी बैठक संपन्न

विचारधारा के प्रति निष्ठा हमारे संगठन की पहचान : हेमंत खंडेलवाल

बैतूल। जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित कामकाजी बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि हमारी कामकाजी और कोर समिति की बैठके 100 प्रतिशत पूरी हुई है। हमारी पार्टी लगातार कार्य करने वाले राजनीतिक दल के रूप में पहचानी जाती है। हमारे कार्यकर्ता अपनी विचारधारा और कार्यपद्वति के प्रति निष्ठा से सिखते हुए काम करते है। समय समय पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण निरंतर सुधार की दृष्टि से होता है जो निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। संगठन की सफलता से कार्यकर्ताओं का सम्मान बढता है सतत संपर्क और संवाद के साथ

पार्टी को समय देना पार्टी के सम्मान के लिए जरूरी है। प्रदेश संगठन ने अपने कलेन्डर में हर माह बैठको का टाईम टेबल तय किया है। समय के साथ पूरी मजबूती से एक परिवार की तरह हम सक्रियता के साथ सशक्त हो ऐसा प्रयास सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ को करना चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग संगठन प्रभारी कांतदेव सिंह ने कहा कि बैतूल जिले में जिस तरह से समन्वय के साथ संगठन कार्य कर रहा है। वह अन्य जिलो के लिए भी प्रेरणा का कार्य करता है। मंडलो की बैठक समय पर हो रही है। इनकी व्यवस्थित रिपोर्टिंग और कार्यकर्ताओं की निष्ठा से पिछले कार्यक्रम सफल हुए है। आने वाले दिनो में होने वाले प्रशिक्षण वर्ग में संख्या अनुशासन और 100 प्रतिशत उपलब्धता से हम संगठन की आशाओ पर खरे उतरेगें। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी सुदर्शन गुप्ता ने कहा कि जिले के 30 मंडलो में प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुए है। अब जिले का प्रशिक्षण वर्ग होना है इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण वर्ग में अपेक्षित श्रेणी के हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी को पूरे समय वर्ग में निष्ठा के साथ उपस्थित रहना है। वर्ग के उदघाटन से लेकर समापन तक सर्व व्यापी, सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शी अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण हमें प्रस्तुत करना है। बैठक को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि आज पूरे भारत वर्ष में हम पर जनता भरोसा कर रही है। उस विश्वास पर खरा उतरना हमारी जिम्मेदारी है। प्रशिक्षित कार्यकर्ता सशक्त संगठन का सृजन करते है। हमारे हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी जिले की बैठक और संगठन के ऐजेंडे के साथ साथ शासन की योजनाओं को लेकर बूथ स्तर तक सतत संवाद पूरे वर्ष करते रहे यही अपेक्षा है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर प्रत्येक माह हर स्तर पर बैठको का समय निर्धारण किया गया है।

पर्यावरण संरक्षण में योगदान पर तरुण वैद्य सम्मानित

बैतूल। भोपाल में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा विज्ञान भवन, नेहरू नगर में उत्कृष्ट सेवा कार्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवा, शिक्षा, पर्यावरण एवं मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा के अध्यक्ष मंगुभाई पटेल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम भोपाल आयुक्त एवं मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की महानिदेशक संस्कृति जैन तथा डॉ. अनिल कोठारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की

अध्यक्षता राज्य शाखा के चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे ने की। समारोह में बैतूल जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रीमती जयश्री शाह को सम्मानित किया गया, जबकि पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए तरुण वैद्य को सम्मान प्रदान किया गया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि रेडक्रॉस समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने गरीब, वृद्धजन, महिलाओं, बच्चों एवं दिव्यांगजनों के लिए निरंतर सेवा कार्य करने तथा प्रत्येक जिले में समर्पित टीमों के गठन पर जोर दिया। साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर, और सिकल सेल एनीमिया जागरूकता अभियानों की सराहना की।